मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-65
04/02/2019

# मुख्यमंत्री ने हिलसा के चंदौत गांव के पास हुये बस दुर्घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया, दुर्घटना में मृत लोगों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है

पटना, 04 फरवरी 2019 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने नालंदा जिला अन्तर्गत हिलसा के चंदौत गांव के पास हुये बस दुर्घटना को दुखद बताया है। मुख्यमंत्री ने हादसे में मृत 2 लोगों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है एवं दुख की इस घड़ी में मृतकों के शोक संतप्त परिजनों को धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

मुख्यमंत्री के निर्देश पर हादसे में मारे गये दोनों मृतकों के परिजनों को 04–04 लाख रूपये अनुग्रह अनुदान की राशि स्थानीय प्रशासन द्वारा दिया गया है साथ ही हादसे में घायलों का निःशुल्क समुचित इलाज किया जा रहा है। चार घायल व्यक्तियों को इलाज के लिये पी0एम0सी0एच0 भेजा गया है। मुख्यमंत्री ने सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की ईश्वर से कामना की है।

******